**Nai Dunia (Indore), 10th November 2020, Page-18 (Front Page-4)**

# इंडो-यूके कार्यशाला में इंदौर के छात्र को मिला खिताब

**इंदौर।** आइआइटी इंदौर के पीएचडी छात्र साकेत दुबे को इंडो-यूके कार्यशाला में बेस्ट स्टूडेंट प्रेजेंटेशन का खिताब मिला है। आइआइटी मुंबई में हुई इस कार्यशाला को ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के सहयोग से आयोजित किया गया था। हिमालय से निकलने वाली भारतीय नदियों की जल सुरक्षा का मूल्यांकन विषय पर कार्यशाला हुई थी। छात्र ने ग्लोबल वार्मिंग के कारण एशिया में ग्लेशियर के पीछे हटने के चलते झीलों के आकार में वृद्धि के प्रभावों को प्रेजेंटेशन में बताया था। -नप्र